Regarding broadening of railway underpass

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में दौंड़ तहसील है, दौंड तहसील में बरवन और पाटस नाम के दो छोटे गांव हैं । लेकिन बहुत महत्वपूर्ण गांव है, वहां से एक बड़ा हाईवे जाता है । वहां लोगों की बहुत सालों से मांग है कि पाटस और बरवन अंडरपास के ब्रिज की इंट्री बड़ी होनी चाहिए, यह मांग सरकार के पास पेन्डिंग है । वहीं दौंड रेलवे स्टेशन है, वहां से बहुत सारे बच्चे, किसान पूणे जाते हैं, डीएमयू ट्रेन टाइम से नहीं चल रही है । मेरी गडकरी साहब और अश्विनी वैष्णव जी से मांग है कि दौंड तहसील के लिए थोड़ा वक्त निकालें, पाटस और बरवन में ब्रिज के अंडरपास को बड़ा करना बहुत जरूरी है और ट्रेन टाइम से चले क्योंकि बच्चों का बहुत नुकसान हो रहा है ।